संख्या:305/2015/2310/35-4-2015

प्रेषक,

जे.बी.सिंह ,
विशेष सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

प्रमुख अभियन्ता (विकास) एवं विभागाध्यक्ष,
लोक निर्माण विभाग,
उ0 प्र0 लखनऊ।

नियोजन अनुभाग-4 लखनऊ:दिनांक 04 नवम्बर,2015

विषय : वर्ष 2015-16 में त्वरित आर्थिक विकास योजना के अंतर्गत धनराशि की स्वीकृति ।

महोदय,

उपर्युक्त विषय पर मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि जनपद औरैया में शासनादेश संख्या-1206/35-4-2014 दिनांक 30 सितम्बर,2014 द्वारा 06 कार्यों की रू. 1028.70 लाख की लागत पर प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति प्रदान करते हुए प्रथम किश्त के रूप में रू.514.35 लाख की धनराशि अवमुक्त की गयी थी। मुख्य अभियंता, (मु0-1)लो0नि0वि0 के पत्र 5973बी.जी./7बी.-3 त्व0आ0वि0यो0/2015-16 दिनांक 09 अक्टूबर,2015 द्वारा उक्त शासनादेश द्वारा स्वीकृत कार्यो हेतु पूर्व में अवमुक्त धनराशि का पूर्ण उपयोग होना इंगित किया गया है। एतदद्वारा उपर्युक्त शासनादेश द्वारा स्वीकृत कार्यों हेतु अनुमोदित लागत के सापेक्ष प्रथम किश्त के रूप में अवमुक्त धनराशि को समायोजित करते हुए अवशेष धनराशि रू. 514.35 लाख (रूपये पॉच करोड़ चौदह लाख पैंतीस हजार मात्र) को निम्न शर्तों एवं प्रतिबन्धों के अधीन आपके निवर्तन पर रखे जाने की, श्री राज्यपाल सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते हैं:-

(लाख रू. में)

	कार्य	अनुमोदित लागत	अवमुक्त धनराशि	अवमुक्त की जा रही धनराशि
1	मोहम्मदाबाद हसनपुर मार्ग से नगला लल्लू, बधुलियाई टिकुरी अड्डा, सुन्दरपुर होते हुये मुहम्मदाबाद रोड तक नवनिर्माण का कार्य	148.78	74.39	74.39
2	कनैती से परघईपुर होते हुये पुर्वा बले तक मार्ग के नवनिर्माण का कार्य	161.47	80.735	80.735
3	कंचौसी फफूँद मार्ग के पीपरपुर से हजियापुर, सियापुर होते हुये रतवा तक मार्ग के नवनिर्माण का कार्य	239.33	119.665	119.665
4	भग्गा का पुर्वा से गलुआपुर होते हुये दहगाँव तक मार्ग के नवनिर्माण का कार्य	143.50	71.75	71.75
5	औरैया दिबियापुर रोड पर भरतपुर भट्टा से शिवकरपुर (पुर्वा मल्लाहन) होते हुये तुर्कीपुर चित्तरसिंह होते हुये औरैया दिबियापुर मार्ग तक नवनिर्माण का कार्य	184.30	92.15	92.15
6	चिरैहा ग्वारी मार्ग से नगला नथा होते हुये खैलाझार होते हुये अशोक पुरी फार्म तक मार्ग के नवनिर्माण का कार्य	151.32	75.66	75.66
	योग योग	**1028.70**	**514.35**	**514.35**

1- सन्दर्भित शासनादेश दिनांक 30 सितम्बर,2014 की शर्ते यथावत लागू रहेंगी।

2- प्रश्नगत कार्य हेतु अवमुक्त की जा रही अवशेष धनराशि आहरित कर बैंक/डाकघर/पी0एल0ए0 में नहीं रखी जायेगी। प्रश्नगत धनराशि आहरित कर डिपाजिट कार्यों के रूप में कार्यदायी विभाग-द्वारा रेमिटेन्स लेखाशीर्ष "8782" के अन्तर्गत-सुसंगत लेखाशीर्षक में जमा कर, वित्त (लेखा) अनुभाग-2 के कार्यालय ज्ञाप संख्या-ए-2-47/दस-97-10(9)/95, दिनांक 3 मार्च, 1997 में दिये गये निर्देशों के अनुसार डिपाजिट क्रेडिट लिमिट (डी0सी0एल0) निर्गत करके व्यय की जायेगी।

http://shasanadesh.up.nic.in

3- इस शासनादेश से उक्त कार्यों के लिए अनुमोदित लागत के सापेक्ष पूर्ण धनराशि का आवंटन हो जाता है। कार्यों को मानकों के अनुरूप पूर्ण गुणवत्ता के साथ स्वीकृत लागत में ही पूर्ण किया जायेगा और लागत वृद्धि अनुमन्य नहीं होगी।

4- स्वीकृत धनराशि का आहरण प्रत्येक दशा में 31 मार्च, 2016 तक कर लिया जायेगा और यदि कोई धनराशि अनाहरित बचती है तो उसे 31 मार्च, 2016 से पूर्व समर्पित किया जायेगा। स्वीकृत धनराशि का पूरा लेखा-जोखा 31 मार्च, 2016 तक प्रमुख सचिव नियोजन अनुभाग-4 को प्रस्तुत किया जाना सुनिश्चित किया जायेगा।

5- राजकोष से आहरित धनराशि का त्रैमासिक आधार पर मिलान महालेखाकार उ0प्र0 में अनुरक्षित लेखों से अनिवार्यत: कराया जायेगा तथा वित्तीय वर्ष की समाप्ति के पश्चात 3 माह में अर्थात 30 जून,2016 तक स्वीकृत धनराशि के सापेक्ष हुए व्यय का महालेखाकार द्वारा सत्यापित विवरण नियोजन विभाग को प्रेषित किया जायेगा।

6- कार्य पूर्ण होने पर कार्यदायी संस्था द्वारा सम्परीक्षित लेखे अनिवार्य रूप से उपलब्ध कराये जायेंगे।

2- उपर्युक्त मद पर होने वाला व्यय वित्तीय वर्ष 2015-16 के आय व्ययक में अनुदान संख्या-40-आयोजनागत-लेखाशीर्षक-5054-सड़कों तथा सेतुओं पर पूंजीगत परिव्यय-04-जिला तथा अन्य सड़कें-337-सड़क निर्माण कार्य-03-त्वरित आर्थिक विकास योजना-03-ग्रामीण क्षेत्रों में अधूरी सड़कों के लिए एकमुश्त व्यवस्था-24-वृहद निर्माण कार्य के नामे डाला जायेगा ।

3- यह आदेश वित्त विभाग के कार्यालय ज्ञाप संख्या-2/2015/बी-1-925/दस-2015-231/2015 दिनांक 30 मार्च,2015 में प्रतिनिधानित अधिकारों के अनुक्रम में जारी किये जा रहे हैं।

भवदीय,

(जे.बी.सिंह)
विशेष सचिव

संख्या:305/2015/2310(1)/35-4-2015 तददिनांक

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :-

1- प्रधान महालेखाकार (लेखा एवं हकदारी) उत्तर प्रदेश, इलाहाबाद।
2- महालेखाकार, लेखापरीक्षा, प्रथम एवं द्वितीय, इलाहाबाद।
3- प्रमुख सचिव / सचिव, लोक निर्माण ।
4- प्रमुख सचिव, वित्त।
5- निजी सचिव, मा. मुख्य मंत्री जी ।
6- मण्डलायुक्त, कानपुर।
7- जिलाधिकारी, औरैया।
8- मुख्य विकास अधिकारी, औरैया।
9- वरिष्ठ कोषाधिकारी, औरैया।
10-गार्ड फाईल।
11-वित्त व्यय नियंत्रण अनुभाग- 5
12-राज्य योजना आयोग-1
13-जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी, औरैया।

आज्ञा से ,

(जे.बी.सिंह)
विशेष सचिव

http://shasnadesh.up.nic.in